DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी DELHI ▸ 10 जून, 2023 ▸ ----------------------------DATED----------------

भाजपा ने झुग्गीवासियों को फिर दिया धोखाः आप

कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद डीडीए का अवैध विध्वंस अभियान जारीः आप

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी ने पुनर्वास के नाम पर लाखों दिल्लीवासियों को **बेघर** करने की भाजपा की कुत्सित साजिश की कड़ी निंदा की है। पिछले कुछ महीनों के दौरान, बीजेपी नियंत्रित डीडीए दक्षिण दिल्ली क्षेत्र की बस्तियों में एक अवैध विध्वंस अभियान चला रहा है। इससे पहले, एमसीडी चुनाव से ठीक पहले, डीडीए ने खराब मौसम में हजारों निवासियों को बिना छत के छोड़ दिया था। तब से, आम आदमी पार्टी अवैध और अनुचित विध्वंस अभियान का कड़ा विरोध कर रही है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली की झुग्गीवासियों को फिर धोखा दिया है। अदालत के स्थगन आदेश के बावजूद डीडीए का अवैध विध्वंस अभियान जारी है। आप का कहना है कि पार्टी की ओर से दिल्ली की कैबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक आतिशी लगातार वहां के निवासियों के साथ मिल रही हैं और

मौके पर पहुंच कर लोगों से बातचीत करतीं आतिशी।

कालका जी में 3,024 परिवारों में से सिर्फ 1,864 को डीडीए ने दिए हैं फ्लैटः आप

उनके मुद्दों का समर्थन कर रही हैं। पार्टी ने बताया कि हाल ही में अधिवक्ता वंदना सिन्हा ने निवासियों की ओर से दिल्ली हाई कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की थी।

नतीजतन, हाई कोर्ट ने डीडीए को नोटिस जारी किया और विध्वंस अभियान के खिलाफ स्थगन आदेश जारी किया। हालांकि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद डीडीए पूरी तरह से उल्लंघन करते हुए अपना विध्वंस अभियान जारी रखे हुए है। डीडीए निवासियों को बलपूर्वक बेदखल करने और उनकी बिजली और पानी की आपूर्ति काटने तक चला गया है। मामले की जानकारी देते हुए वकील वंदना सिन्हा ने कहा कि डीडीए कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में तोड़ फोड़ अभियान चला रहा है। डीडीए को जेजे पुनर्वास नीति 2015 के माध्यम से पीएम आवास योजना के तहत इन निवासियों का पुनर्वास करना था। क्षेत्र में लगभग 3,024 घर हैं, लेकिन केवल 1,864 निवासियों को डीडीए द्वारा पुनर्वास के लिए पात्र घोषित किया गया था। वंदना सिन्हा ने कहा कि इससे 1,029 परिवार बेघर हो गए, हालांकि, एमसीडी चुनाव से पहले बीजेपी ने फिर से निवासियों को धोखा दिया। चुनाव से ठीक पहले, इन मासूम नागरिकों ने जहां नए घरों की चाबियां दिखाई, जहां झुग्गी वहां मकान देने का वादा किया। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने भी जानबूझकर जनता को झूठ बोला कि सभी 3024 परिवारों को स्थायी आवास दिया गया है जबकि केवल 1864 को दिया गया है। हमारे पास इन दावों में दर्ज आरटीआई की एक प्रति है और यह स्पष्ट करता है कि केवल 1,864 परिवारों को ही आवास दिया गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी मांग करती है कि सभी निवासियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने से पहले अंधाधुंध तरीके से उचित पक्के आवास आवंटित किए जाएं।

नई दिल्ली। सोमवार • 12 जून • 2023

राष्ट्रीय सहारा

पर्यावरण जागरूकता अभियान

नई दिल्ली (वि.)। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने अपने अधिकारियों, स्कूली छात्रों, स्थानीय समुदाय और विशेषज्ञों की बड़े पैमाने पर भागीदारी के साथ विश्व पर्यावरण दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस बार पर्यावरण दिवस की थीम 'बीट प्लास्टिक पोल्यूशन' रखी गई थी। इस मौके पर प्राधिकरण ने इसी थीम पर अपना ध्यान केंद्रित किया। इस मौके पर एक साथ तेरह विभिन्न स्थानों पर पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों और वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही यमुना के पश्चिमी तट पर रेलवे के पुराने ब्रिज से आईटीओ बैराज तक फैले यमुना के किनारे के मैदानों पर डीडीए की 200 हेक्टेयर की परियोजना 'यमुना वाटिका में 'यमुना तीरे' कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने किया। उन्होंने पर्यावरण को बचाने के लिए प्रतिबद्ध और उत्कृष्ट तरीके से आगे के काम पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण से पर्यावरण और धरती को होने वाले नुकसान से बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि खासकर यमुना नदी को प्रदूषण से बचाने पर हमें ध्यान देना चाहिए क्योंकि यह नदी दिल्ली की शान है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी और डीडीए के सदस्य विजेंदर गुप्ता और ओपी शर्मा भी उपस्थित थे।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS अमर उजाला शनिवार, 10 जून 2023

विदेश मंत्री ने देश के विकास में युवाओं से मांगा सहयोग

भाजपा के संपर्क से समर्थन अभियान के तहत युवाओं, डॉक्टरों से किया संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

जयशंकर ने डॉक्टरों संग की चाय पर चर्चा

केंद्रीय मंत्री डीडीए मुख्यालय विकास सदन में कर्मियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। वहीं, उन्होंने सर्वोदय एन्क्लेव में प्रसिद्ध हार्ट सर्जन डा. विवेक कुमार के नेतृत्व में आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में प्रसिद्ध डॉक्टरों से मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा चिकित्सक केवल रोगी से ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार से जुड़ जाता है। उन्होंने जनपथ पर आर्ट आफ लिविंग संस्था के सदस्यों से संवाद किया और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी सभी तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की।

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों पर जनमानस से चर्चा करने व आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के तहत शुरू किए गए संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने युवाओं, डॉक्टरों, सरकारी कर्मियों एवं सामाजिक संस्थाओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने देश के आर्थिक विकास व राजनीति में परिवर्तन लाने के लिए युवाओं से सहयोग मांगा। उन्होंने दावा किया कि नया संसद भवन एवं पुनर्विकसित प्रगति मैदान प्रधानमंत्री की समयबद्ध विकास की इच्छा शक्ति के प्रतीक हैं।

केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर ने डीयू के रामलाल आनंद एवं आर्य भट्ट कॉलेज के छात्रों के साथ संवाद किया। इस मौके पर उन्होंने छात्रों को जी-20 शिखर सम्मेलन भारत में करने का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि यह दुनिया के सामने विकसित भारत को पेश करने का मौका है। जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही विदेशी निवेश भी बढ़ेगा। इसलिए हमें देश को डिजिटल बनाना होगा, स्किल इंडिया का विकास करना होगा, शिक्षा का विस्तार करना होगा।

सिद्धि विनायक के लिए दर्शन : केंद्रीय मंत्री देर शाम सरोजनी नगर के सिद्धि विनायक मंदिर में दर्शन करने के बाद विभिन्न दक्षिण भारतीय राज्यों से आए प्रवासियों की एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने दिल्ली में बसे दक्षिण भारतीय समाज के लोगों से कहा कि वह मोदी सरकार की ओर से कराए जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख अपने गृह प्रदेश जाने पर जरूर करें। उनके साथ प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, विधायक संजीव चौरसिया आदि उपस्थित थे।

स्कूलों के अपग्रेडेशन का अधिकार सरकार, सीबीएसई को : हाईकोर्ट

अदालत ने डीडीए की अपील को किया खारिज

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। प्राथमिक से वरिष्ठ माध्यमिक तक के स्कूलों का अपग्रेड न तो दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का डोमेन है और न ही अधिकार क्षेत्र। हाईकोर्ट ने उक्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इसे दिल्ली सरकार और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा किया जाना है।

दिल्ली मास्टर प्लान (एमपीडी)-2021 के अनुसार फ्लोर एरिया रेश्यो (एफएआर) क्षेत्र में वृद्धि के लिए डीडीए की जमीन पर निजी स्कूलों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। दिल्ली उच्च न्यायालय का फैसला डीडीए द्वारा स्कूलों के पक्ष में फैसला सुनाने वाले पहले के एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ अपील पर आया है।

न्यायमूर्ति नजमी वजीरी और न्यायमूर्ति विकास महाजन की पीठ ने अपने 26 मई को एक फैसले में कहा कि चूंकि स्कूलों को आवंटित भूमि पर एमपीडी-2021 के अनुसार एफएआर में वृद्धि की अनुमति दी गई है, इसलिए कोई उन्नयन शुल्क नहीं लगाया जाएगा। क्योंकि भूमि पहले से ही आवंटित है और केवल अतिरिक्त एफएआर का ही उपयोग किया जाना है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEW नई दिल्ली। शनिवार ● 10 जून ● 2023 राष्ट्रीय सहारा

भारत पर झलकता है डीडीए के कार्यों का प्रभाव : जयशंकर

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) खास जिम्मेदारी निभा रहा है और उसके कार्यों के कारण न केवल राष्ट्रीय राजधानी में बदलाव आ रहे हैं बल्कि इसका भारत पर प्रभाव भी झलकता है। डीडीए के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ संवाद करते हुए जयशंकर ने कहा कि राजधानी में इसके कारण आने वाला बदलाव देश के शेष भाग पर भी प्रभाव डालता है।

■ विदेश मंत्री ने डीडीए के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ किया संवाद

विदेश मंत्री ने कहा कि सुषमा स्वराज और मैं इस बात पर चर्चा करते थे कि हमारा मंत्री-सचिव का संयोजन सर्वश्रेष्ठ था क्योंकि हमने कई महत्वपूर्ण दायित्वों को साथ निभाया। डीडीए बेहद खास जिम्मेदारी निभा रहा है और उसके कार्यों के कारण न केवल राष्ट्रीय राजधानी में बदलाव आ रहे हैं बल्कि इसका भारत पर भी प्रभाव झलकता है। उन्होंने कहा कि मेरे माता-पिता भी डीडीए फ्लैट में रहते थे। मैं आप सभी को आपके कार्यों के लिए हमेशा धन्यवाद देना चाहता था। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी भी मौजूद थीं। विदेश मंत्री मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा के संपर्क अभियान के तहत बैठक और कार्यक्रमों में शिरकत कर रहे हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

the pioneer
II I SATURDAY I JUNE 10, 2023

DDA carries very special responsibility: Jaishankar

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

External Affairs Minister S Jaishankar during 'Dialogue with Students' event at the Aryabhatta College of Delhi University, in New Delhi on Friday

Ranjan Dimri I Pioneer

External Affairs Minister S Jaishankar said on Friday, the Delhi Development Authority (DDA) carries a very special responsibility and the change they bring is not just for the Capital city, it is an impression of India. He also thanked it as his parents also lived in a DDA flat.

Interacting with the officers and employees of DDA, Jaishankar said any change that is brought in Delhi, also has a model impact on the rest of the country.

"Sushma Swaraj and I used to discuss that our Minister-Secretary combination was the best one as we have carried out many important responsibilities together. DDA carries a very special responsibility, the change that they bring is not just for the capital city, it is an impression of India. Any change brought in Delhi, also has a model impact on the rest of the country and today, the world is looking at us with a great deal of respect," he said. "My parents also lived in DDA flats. I always wanted to thank all of you for the work that you have done," he added.

"I have seen governments over the past 40 years, and this government is completely different. It has a sense of commitment and a sense of responsibility," he said. Minister of State for External Affairs Meenakshi Lekhi was also a part of the event. The external affairs minister has been holding meetings and events as part of BJP's outreach campaign on nine years of the Modi government. Jaishankar, along with former Gujarat chief minister Vijay Rupani, has been deputed by the BJP to oversee a month-long campaign across seven Lok Sabha constituencies of Delhi to highlight the achievements of Narendra Modi Government in its nine years at Centre.

millenniumpost
NEW DELHI | SATURDAY, 10 JUNE, 2023

AAP expresses concern over ongoing demolition drive in South Delhi

OUR CORRESPONDENT

NEW DELHI: The Aam Aadmi Party (AAP) expressed concern over the ongoing illegal demolition drive conducted by the Delhi Development Authority (DDA) in South Delhi, despite a stay order issued by the Delhi High Court.

The demolition drive has resulted in the displacement of numerous slum dwellers in the region. Advocate Vandana Sinha filed a writ petition on behalf of the affected residents, leading to the issuance of a notice by the High Court and an order to halt the demolition drive. However, the DDA has continued with the demolitions, going so far as to forcibly evict residents and disconnect essential services like electricity and water.

According to Sinha, the DDA was entrusted with rehabilitating the residents under the PM Awas Yojana and the JJ Rehabilitation Policy 2015. Out of approximately 3,024 houses in the area, only 1,864 residents were declared eligible for rehabilitation by the DDA, leaving 1,029 families without proper housing.

Prior to the MCD election, the BJP made promises of "Jahan Jhuggi Wahan Makaan" which it did not fulfil. BJP MP Ramesh Bidhuri, during the election campaign, stated that all 3,024 families had been provided with permanent housing. However, an RTI inquiry has revealed that only 1,864 families have received such allocations, contradicting the claims made. The AAP has called for a fair resolution to the issue, urging the DDA to allocate proper permanent housing to all affected families, without discrimination.

DDA'S WORK GIVES IMPRESSION OF INDIA: EAM S JAISHANKAR

NEW DELHI: The Delhi Development Authority carries a very special responsibility and the change they bring is not just for the national Capital, it is an impression of India, External Affairs Minister S Jaishankar said on Friday.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS पंजाब केसरी DELHI
DATED 11 जून, 2023 ▸ रविवार

यमुना सफाईः दिल्ली सरकार व एलजी में ठनी

यमुना की सफाई के लिए कोई नया प्रोजेक्ट शुरू किया है तो एलजी बताएंः सौरभ भारद्वाज

हमारे काम का श्रेय लेने के लिए एलजी के प्रयास निराधार

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): यमुना सफाई को लेकर दिल्ली के जलमंत्री सौरभ भारद्वाज ने केजरीवाल सरकार द्वारा किए जा रहे कामों को लेकर एलजी वीके सक्सेना से सवाल पूछे हैं। उन्होंने पूछा कि सीएम केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों का श्रेय लेने से पहले एलजी ये बताएं कि क्या उन्होंने यमुना की सफाई को लेकर कोई नया प्रोजेक्ट शुरू किया है? अगर उनके स्तर पर यमुना को साफ करने के लिए कोई भी प्रोजेक्ट शुरू किया गया है तो दिल्ली की जनता को बताएं। जलमंत्री ने कहा कि यमुना की सफाई कार्य को लेकर सीएम केजरीवाल शुरू से ही बेहद गंभीर हैं। इसी गंभीरता के चलते ही सीएम ने नवंबर 2021 में यमुना की सफाई को लेकर छह सूत्रीय एक्शन प्लान की घोषणा की और प्लान के मुताबिक काम चल रहा है। ये एक्शन प्लान यमुना को दूषित करने वाले प्रमुख कारकों के समाधान को लेकर बनाए गए हैं, जो सरकार की चल रही पहलों के लिए नींव का काम कर रहे हैं।

सौरभ भारद्वाज

भारद्वाज ने एलजी कार्यालय द्वारा किए गए दावों को निराधार और भ्रामक बताया है और उनकी आलोचना करते हुए कहा कि एलजी के पास दिल्ली जलबोर्ड या सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग (आईएफसी) में किसी भी परियोजना को मंजूरी देने का वित्तीय अधिकार नहीं है। उनके द्वारा जलबोर्ड और आईएफसी जैसे विभागों के साथ बैठक कर कार्यों को पूरी तरह से अपनी उपलब्धियां दिखाने के प्रयास किए जा रहे है। जोकि पूरी तरह से भ्रामक और दिल्ली के लोगों के सामूहिक प्रयासों का अपमान है। जलमंत्री ने एलजी से आग्रह करते हुए कहा कि वे हमारे कामों का क्रेडिट लेना बंद करें और सीएम केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा की गई व्यापक पहलों में सहयोग देने पर ध्यान केंद्रित करें। भारद्वाज ने कहा कि सीएम केजरीवाल एक आईआईटी इंजीनियर हैं, उनके नेतृत्व में जलबोर्ड ने यमुना में प्रदूषण की समस्या को दूर करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। हालांकि एलजी कार्यालय निर्वाचित सरकार सीएम केजरीवाल द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को कम करने का प्रयास कर रहा है। जलमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रूप से अंतर्विभागीय समस्याओं को हल करने के लिए हर 15 दिन समीक्षा बैठक कर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि एलजी कार्यालय दिल्ली सरकार द्वारा की गई पहलों को गलत तरीके से पेश कर रहा है।

फाइल फोटो

दिल्ली सरकार बताए आठ साल में यमुना सफाई के लिए क्या काम कियाः राजनिवास

काम किया होता तो एनजीटी दिल्ली सरकार को फटकार नहीं लगाता

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): यमुना सफाई के मुद्दे पर दिल्ली सरकार की बयानबाजी को लेकर राजनिवास ने प्रतिक्रिया दी है। राजनिवास के अधिकारी ने बताया कि मंत्री सौरभ भारद्वाज द्वारा जारी किया गया बयान हास्यास्पद, जन-विरोधी व दिल्ली-विरोधी है। यमुना सफाई के नाम पर बैनर फहराने के अलावा यदि इस इस संबंध में दिल्ली सरकार ने पिछले आठ सालों में एक भी ठोस काम किया होता तो एनजीटी इस मोर्चे पर निष्क्रियता के लिए दिल्ली सरकार को फटकार नहीं लगाता और एलजी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन नहीं करता। अधिकारी ने 09 जनवरी 2023 के एनजीटी के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि एनजीटी बेंच ने कहा था कि ऐसा प्रतीत होता है कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले और इस ट्रिब्यूनल के आदेशों के उल्लंघन की स्थिति काफी हद तक असंतोषजनक बनी हुई है, यमुना सफाई की जमीनी स्थिति में सुधार दिखाई नहीं दे रहा है।

वीके सक्सेना

इसीलिए सबसे शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी के साथ प्रभावी निष्पादन शासन की जरूरत प्रतीत होती है। ऐसे में उपरोक्त चर्चा के आलोक में हम दिल्ली में संबंधित प्राधिकरणों की उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) का गठन करते हैं क्योंकि अन्य नदी बेसिन राज्यों की तुलना में यमुना का प्रदूषण अधिक (लगभग 75%) है। ऐसे में हम दिल्ली के एलजी जो संविधान के अनुच्छेद 239 के तहत डीडीए के अध्यक्ष और दिल्ली के प्रशासक भी हैं। हम उनसे समिति का नेतृत्व करने का अनुरोध करते हैं। साथ ही एनजीटी ने कहा कि 194.5 एमजीडी के अंतर के साथ 573.5 एमजीडी का ट्रीट करने वाले 35 एसटीपी के साथ सीवेज के उत्पादन और उपचार में अभी भी बहुत बड़ा अंतर है। सभी एसटीपी की समय-सीमा (कोरोनेशन पिलर को छोड़कर, जिसे मार्च, 2022 में जून, 2020 की समय-सीमा के विरुद्ध चालू किया गया था) को लगातार बढ़ाया गया है और वर्तमान में इसे 23 जून तक बढ़ाया गया है।

राजनिवास ने कहा कि भारद्वाज को यमुना सफाई के मुद्दे पर बयानबाजी से बचना चाहिए खासकर ऐसे समय में जब उनकी सरकार की ओर से आठ साल की निष्क्रियता के बाद, यमुना और दिल्ली के लोगों के लिए चीजें बेहतर दिखने लगी थीं।

गंदे पार्कों का होगा सौंदर्यीकरण

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : दिल्ली विकास प्राधिकरण ने तीन साल तक लंबी जद्दोजहद के बाद छतरपुर इलाके के असोला फतेहपुर गांव में गंदे पड़े पार्क के सौंदर्यीकरण के शुरुआत की घोषणा कर दी है। इसके लिए 2019 से इलाके के आरडब्लूए व स्थानीय लोगों ने गंदे तालाब के सौंदर्यीकरण का अभियान चलाया था। आरडब्ल्यूए के प्रधान व स्थानीय निवासी ऋषिपाल महाशय की मेहनत आखिरकार रंग लाई है। उन्होंने कहा कि वे 2019 में भी सासद रमेश बिधूड़ी को डीडीए और डीएम के साथ यहां बुलाकर असोला के जीर्ण शीर्ण हालत में पड़े ऐतिहासिक तालाब के सौंदर्यीकरण के बाबत ध्यान आकृष्ट कराया था और तभी से इसका प्रयास किया जा रहा था। अब 11 जून को सासद रमेश बिधूड़ी स्थानीय लोगों व ऋषिपाल महाशय की मौजूदगी में इसका उद्घाटन करेंगे। बता दें कि केंद्र सरकार ने 18 मार्च 2021 को इस गांव को शहरीकृत गांव के रूप में मान्यता दे दी और यह पूरा इलाका डीडीए के अंदर चला गया। तभी 24 नवंबर 2021 को डीएम दक्षिणी जिला, डीडीए के अधिकारी और सांसद रमेश बिधूड़ी ने ऋषिपाल की अगुवाई में बुलाई एक बैठक में यह तय किया था कि बहुत जल्द इस गंदे तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों की मंशा पूरी हो रही है। अब इस पार्क में झूले लगेंगे, बुजुर्गों के लिए हरी घास और युवाओं के लिए जिम का निर्माण होगा और इलाके के एक लाख से ज्यादा लोग इससे सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPER अमर उजाला नई दिल्ली | रविवार, 11 जून 2023

दस दिन में मानसून देगा दस्तक नालों की नहीं हो पाई सफाई

80% नालों की सफाई का दावा कर रहीं एजेंसियां, पर हकीकत बिल्कुल विपरीत

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। मानसून अगले दस दिन में दस्तक देगा, लेकिन नालों की सफाई का काम अभी अधूरा है। सिविक एजेंसियां 80% तक अपने नालों की सफाई होने का दावा कर रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि बड़े नाले प्लास्टिक से भरे हैं। प्रगति मैदान के पास स्थित नाला जो कि सीधा यमुना में गिरता है, इसकी सफाई नहीं हुई है। सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के पास नाला गंदगी से पटा पड़ा है। दक्षिणी दिल्ली में सागरपुर नाले की हालत खराब है। ऐसा लगता है कि इसकी सालों से सफाई नहीं हुई। इसी प्रकार से पीडब्ल्यूडी विभाग, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग व डीडीए के कई नाले हैं, जिनकी सफाई होनी बाकी है।

दिल्ली में हर साल मानसून आने से पहले 15 जून तक नालों की सफाई का काम पूरा करना होता है। इस साल नालों की सफाई का काम देरी से शुरू हुआ। एमसीडी ने फिलवक्त अपने नालों की सफाई के लिए 30 जेसीबी लोडर, 35 बैकहो लोडर, 25 स्कीड सिटयर लोडर, सिल्ट इत्यादि की ढुलाई के लिए 196 टाटा ट्रक, 63 टाटा-909 ट्रक, 36 टिप्पर-407 लगाए गए हैं।

निगम के एक्शन प्लान के मुताबिक मौजूदा समय अभियांत्रिकी विभाग द्वारा चार फुट से चौड़े 453 किमी लंबाई में नालों की सफाई का काम जारी है। करीब 55% सफाई का काम अभी तक किया गया है। चार फुट से कम चौड़े 20884 नालों की सफाई का काम पर्यावरण विभागों द्वारा किया जा रहा है। इन नालों की कुल लंबाई 6657 किमी है। इनकी सफाई का काम करीब 72% हुआ है।

12 जोनल कंट्रोल रूम व केंद्रीय नियंत्रण कक्ष बनाए : जलभराव की समस्या से निपटने के लिए निगम ने केंद्रीय नियंत्रण कक्ष और 12 जोनल कंट्रोल रूम बनाए हैं। ये 15 जून से 24 घंटे काम करेंगे। केंद्रीय नियंत्रण कक्ष में टोलफ्री नंबर 155304 व 155305 पर जलभराव की शिकायत की जाएगी। समाधान के लिए यहां से तुरंत पंप, उपकरण व कर्मचारी उपलब्ध कराए जाएंगे।

सागरपुर नाला

सराय रोहिल्ला

सफाई कर्मियों का स्क्वायड वार्डों में होगा तैनात

निगम के पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं विभाग द्वारा हर एक वार्ड में 8-10 सफाई कर्मियों का एक स्क्वायड तैनात किया जाएगा। ये जलभराव होने पर तुरंत कार्यवाही करेंगे। जलभराव के व्यवधानों जैसे कि बेल माउथ, गली ग्रेटिंग इत्यादि को तुरंत साफ करेंगे। नाले, नालियों, जालियों में फंसे प्लास्टिक, कूड़े, कचरे को निकालेंगे।

480 मोबाइल पंपिंग सेट रहेंगे उपलब्ध

निगम के पास 72 स्थायी पंपिंग स्टेशन हैं, इसके अलावा इस बार 480 मोबाइल पंपिंग सेट्स तैनात रहेंगे। इन सभी को जोनों में आवश्यकता के लिहाज से तैनात किया जाएगा। निगम के मुताबिक सड़कों पर जल भराव न हो इसके लिए पीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई बाढ़ नियंत्रण विभाग, डीडीए, दिल्ली मेट्रो इत्यादि एजेंसियों के साथ इंटर डिपार्टमेंटल बैठक लगातार की जा रही है।

प्रगति मैदान, आईपी डिपो के पास गाद से पटा नाला

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPER: नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 10 जून 2023 TED

रंग ला रही मेहनत, यमुना और नजफगढ़ नाले के पानी में लगातार हो रहा है सुधार

एलजी वी. के. सक्सेना ने हाई लेवल कमिटी की पांचवीं बैठक में जताई संतुष्टि

विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

यमुना की सफाई के लिए बनी हाई लेवल कमिटी के बाद से यमुना और नजफगढ़ नाले के पानी में लगातार सुधार हो रहा है। शाहदरा नाले में बीओडी का स्तर 40 प्रतिशत, आईएसबीटी में 31 प्रतिशत तक कम हुआ है। एक साल के दौरान ही मई 2023 की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। नजफगढ़ नाले का बीओडी स्तर 37 प्रतिशत कम हुआ है।

कमिटी की 5वीं बैठक शुक्रवार को हुई

नजफगढ़ नाले का बीओडी स्तर 37% कम हुआ : रिपोर्ट

हाई लेवल कमिटी की पांचवीं बैठक में एलजी वी के सक्सेना ने इस पर संतुष्टि जाहिर की। यमुना से जुड़े 29 में से 17 प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो गया है। यह प्रोजेक्ट जमीन से जुड़े मसलों की वजह से रुके हुए थे। 17 एसडीपी/डीएसटीपी प्रोजेक्ट्स के लिए डीडीए और रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने पिछले महीने जमीन अलॉट कर दी है।

हर महीने की रिपोर्ट में पाया गया कि यमुना और नालों के पानी में बीओडी का स्तर लगातार सुधर रहा है। इस दौरान 29 प्रोजेक्ट्स पर जमीन न मिलने की वजह से काम शुरू नहीं हो पा रहा था। एलजी के दखल के बाद एक महीने में इनमें से 17 प्रोजेक्ट के लिए डीडीए और रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने जमीन अलॉट कर दी है। बाकी बचे हुए प्रोजेक्ट का काम भी जल्द शुरू होने की संभावना है।

यमुना की हाई लेवल कमिटी आठ कामों को आधार बनाकर यमुना की सफाई में जुटी है। इनमें राजधानी का पूरा सीवेज ट्रीट करना, सभी नालों को यमुना में गिरने से पहले रोकना और साफ करना, अनधिकृत कॉलोनियों और जेजे क्लस्टर में सीवेज नेटवर्क का निर्माण, उद्योगों में सीईटीपी लगाना, सेप्टेज मैनेजमेंट, यमुना बाढ़ क्षेत्र को पुनर्जीवित करना, ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल करना और नजफगढ़ झील के एनवायरमेंट मैनेजमेंट प्लान पर काम करना शामिल है।

डीपीसीसी के अनुसार, जनवरी से अब तक नजफगढ़ नाले का बीओडी स्तर 80 एमजी लीटर से कम होकर 53 एमजी लीटर हो गया है। आईएसबीटी पर यमुना में बीओडी का स्तर 55 एमजी प्रति लीटर से कम होकर 38 एमजी आ गया है। शाहदरा ड्रेन में बीओडी 80 एमजी प्रति लीटर से 48 एमजी प्रति लीटर रह गया है।

हाई लेवल कमिटी की मीटिंग पर दिल्ली सरकार के जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बयान जारी किया है। सौरभ ने कहा है कि आईआईटी इंजीनियर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में डीजेबी सीधे उन जमीनी मुद्दों पर काम कर रहा है, जिनसे यमुना को प्रदूषित होने से रोका जा सकता है। केजरीवाल द्वारा पहले ही इन समस्याओं को चिह्नित कर 6 सूत्रीय एक्शन प्लान तैयार कर 2021 में मीडिया के साथ शेयर किया जा चुका है। बहुत दुख की बात है कि दिल्ली सरकार की ओर से पिछले कई वर्षों से यमुना की सफाई के लिए किए जा रहे प्रयासों का क्रेडिट एलजी साहब खुद ले रहे हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 10 जून 2023 -DATED-

काम के लिए पहले खोदी रोड फिर मिट्टी डालकर छोड़ दी

■ एनबीटी न्यूज, जसोला

जसोला में लोकल एजेंसियों की लापरवाही का खामियाजा लोग भुगत रहे

लोकल एजेंसियों की लापरवाही का खामियाजा जसोला के लोग भुगत रहे हैं। जसोला क्षेत्र की करीब 40 फीसदी सड़कों को लोकल एजेंसियों ने अपने कामों के लिए खोद दिया, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं कराई गई। ऐसे में लोग पिछले एक साल से बुरी तरह से परेशान हैं।

एनबीटी सुरक्षा कवच ग्रुप से जुड़े आरडब्ल्यूए के सचिव बीके पिल्लई ने बताया कि प्राइवेट बिजली कंपनी और दिल्ली जल बोर्ड ने अंडरग्राउंड बिजली की मोटी केबल और सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़क की खुदाई की थी। इन्होंने काम पिछले साल शुरू किया था। जसोला मेट्रो स्टेशन से लेकर पॉकिट, 1, 2, 10वीं, 12 और जसोला विलेज की सड़कों को खोद दिया गया था। करीब 6 महीने पहले काम पूरा होने के बाद सड़कों को नए सिरे से बनवाने की जगह इन्हें मिट्टी से भर दिया गया। इसी बीच हुई बारिश ने हालात और भी खराब कर दिए। इससे सड़कों पर बड़े और गहरे गड्ढे हो गए हैं। सड़क की मिट्टी नीचे की तरफ धंस भी गई है। ऐसे में लोगों का घर से बाहर निकलना ही एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। फुटपाथ भी पूरी तरह से नहीं बने हैं। लोगों ने इस संबंध में डीडीए से संपर्क करके समस्या दूर करने की गुहार लगाई है। अधिकारियों ने लोगों को बताया है कि लोकल एजेंसियों से बात की जा रही है।

NBT सुरक्षा कवच
मिलकर बनाएं दिल्ली को ज्यादा सेफ

रोड की इस हालत से लोग पिछले एक साल से बुरी तरह से परेशान हैं

40% फीसदी सड़कों को लोकल एजेंसियों ने कामों के लिए खोदा था

पिछले दिनों बही मिट्टी, बढ़ी दिक्कत

अक्सर हादसे भी हो रहे हैं

जयशंकर ने DU छात्रों को बताई केंद्र की उपलब्धियां

■ प्रस, नई दिल्ली : केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर, केंद्रीय राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा शुक्रवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस में छात्रों के बीच पहुंचे। इस दौरान जयशंकर ने कहा कि मैं डीयू का ही छात्र रहा हूं और मुझे पढ़ाई पूरी किए 50 साल हो गए। उन्होंने छात्रों को केंद्र सरकार के 9 साल की उपलब्धियां बताईं।

विदेश मंत्री ने छात्रों को जी-20 शिखर सम्मेलन का महत्व समझाया और कहा कि यह सिर्फ सम्मेलन नहीं है, बल्कि दुनिया के सामने विकसित भारत की छवि पेश करने का अवसर है। इससे विदेशी पूंजी निवेश भी बढ़ेगा। छात्रों को अगर बेहतर एजुकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं मिलता है, तो देश का विकास अधूरा होगा। नई दिल्ली एरिया में भी उन्होंने लोगों से मुलाकात की। जयशंकर ने आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सदस्यों से भी बात की और मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहयोग करने को कहा। मंत्री ने सरोजिनी नगर के सिद्धि विनायक मंदिर में दर्शन किया और दक्षिण भारत से आए प्रवासियों की एक सभा को संबोधित किया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर डीडीए के 75 साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम में पहुंचे

'दिल्ली से बनती छवि'

भारत की छवि दिल्ली से बनती है। 75 प्रतिशत भारत की छवि दिल्ली के विकास से आंकी जाती है। इसलिए डीडीए जो विकास कार्य दिल्ली में कर रहा है, वह पूरे भारत की छाप है। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने डीडीए के 75 साल पूरे होने पर विकास सदन में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। इस कार्यक्रम में संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि राजधानी का चेहरा बदलने में डीडीए ने इन 75 सालों में अहम भूमिका निभाई है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

WWW.INDIANEXPRESS.COM
NAME OF NEWSPAPER THE INDIAN EXPRESS, SATURDAY, JUNE 10, 2023

Improvement seen in Yamuna, Najafgarh drain water quality as biochemical oxygen demand dips

EXPRESS NEWS SERVICE
NEW DELHI, JUNE 9

WATER QUALITY in Yamuna is showing signs of improvement with the biochemical oxygen demand (BOD) – the proportion of which determines the level of pollution in a water body – in the Najafgarh drain as well as in the river from the point where it meets the drain having fallen compared to last year, according to Delhi Pollution Control Committee (DPCC) figures presented at a meeting on Friday.

During the fifth meeting of the High-Level Committee for rejuvenation of the Yamuna, chaired by Lieutenant Governor V K Saxena, progress on work so far was reviewed. The committee was constituted on the orders of the National Green Tribunal (NGT) in January.

According to a communication from the L-G's office, DPCC data shows that the BOD level in the Najafgarh drain, which was 80 mg/litre in January 2022, had dropped to 53 mg/litre in January 2023. Further, the figure that was 76 mg/litre in May 2022 had dropped to 48 mg/litre in May this year. With several other drains meeting the Najafgarh drain and the latter eventually meeting the Yamuna near Wazirabad, ensuring clean water in the drain is crucial to keeping the river clean.

A BREATHER

Findings shared in meeting on Yamuna rejuvenation



(Data from Delhi Pollution Control Committee with regard to ISBT, Kashmere Gate -- the point after Yamuna river meets Najafgarh drain)

At ISBT Kashmere Gate, a location from where the DPCC draws water for testing after the Najafgarh drain merges into the river, the BOD level, which was 42 mg/litre in January 2022, had fallen to 38 mg/litre in January 2023, according to DPCC data presented at the meeting. In May, the BOD level in the river at ISBT was 55 mg/litre in 2022 and 38 mg/litre in 2023.

A total of 17 projects for sewage treatment plants, out of 29 that were earlier held up due to non-availability of land, have now been allotted land by the Delhi Development Authority (DDA) and the Revenue Department, according to the communication from the L-G's office.

When the NGT issued its order on pollution in the Yamuna in January, it had said that the success of the committee would be viewed in terms of reduction of pollution load, adding the committee's targets should be measurable and identifiable. The tribunal's order had said that a pollution graph should be prepared on a quarterly basis with the goal of "substantial reduction" by July 1.

Rejuvenation of the Yamuna that is being monitored by the committee includes treatment of sewage and associated expansion of the sewerage network along with construction of sewage treatment plants, treatment of industrial effluents, restoration of the floodplains and management of the Najafgarh jheel.

Timelines on work must be met and seamless inter-departmental coordination is to be ensured, Saxena told officers, according to the communication issued by his office after the meeting.

According to the final report of the erstwhile Yamuna Monitoring Committee submitted in 2020, "improvement in the quality of river water is linked to the twin factors of maintaining a minimum flow of fresh water and reduction in the discharge of polluted water, both domestic and industrial, joining the river."

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------------------------------------DATED-----

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
SATURDAY, JUNE 10, 2023

Their dream house is rather watered down

Ridhima Gupta & SV Vaishnavi | TNN

Photos: Rajesh Mehta

New Delhi: Sahid Alam moved out of his slum shack at Bhoomiheen Camp in south Delhi in February to a DDA flat allotted to him at Kalkaji Extension under the in situ rehabilitation project. With a proper house in his name, Alam, 39, thought his life would change. It did — but not in the way he thought it would.

Alam was allocated a one BHK flat with a carpet area of 25 sq metres after paying Rs 1.24 lakh, including Rs 30,000 as maintenance charges for the first five years. He now says he wouldn't mind going back to his old life in the slums. The myriad issues he has faced in the new DDA flat have left him deflated. Water supply is a problem, the flats are poorly maintained and many have seepage issues.

In November 2022, Prime Minister Narendra Modi had handed over the keys to the eligible beneficiaries of Bhoomiheen Camp after inaugurating 3,024 flats, constructed at a cost of Rs 345 crore. The bubble burst soon enough when water woes became a headache. At the complex, **TOI** saw water tankers ferrying water to the flats. Several residents claimed this has been the case ever since they shifted there. Bishwajeet Sarkar, 32, who lives in Block B, said, "The storage tanks haven't been cleaned and the water we are given by the tankers is unhygienic."

Sarkar added that when they were allotted their flat a few months ago, the house did not have doorknobs and window panes.

Just as exasperated and waving a copy of his written complaint, Shikant Biswas, 39, who moved into his flat in A Block a month ago, raged, "How can I move into a flat with no door and taps? It's a new flat yet there is water seepage on the kitchen ceiling. Every day, I urge the official to fix these issues only to hear them tell me to return later because they don't have the materials for repairs." With his house in Bhoomiheen Camp demolished, he doesn't have a plan B either.

Just as frustrated is Jharna Mandal, 50, a domestic worker. She has made umpteen complaints about the poor quality of water and the leaking ceiling to no avail. She and others are justifiably aggrieved. Her neighbour fumed, "Why did DDA charge us for maintenance if they cannot do it?"

There were also complaints about non-functional lifts. Niti Dutta, 52, who has paralysis in one of his legs, said, "My flat is on the 14th floor and on most days, the lift does not work. It is very difficult for me to come and go from home. We were excited about a new life in a high-rise, but every day we run into a new problem."

Responding to **TOI's** queries, DDA officials claimed that the water supply was the responsibility of Delhi Jal Board. "DDA is continuously pursuing DJB to provide bulk water meter connection, but the request is pending," said an official. "DJB has also been requested to proportionally divert water from Bhoomiheen Camp to this residential complex with the camp residents having shifted here, but it has not acceded to our request. DDA is currently paying for the water tankers."

The official admitted that sanitary fittings installed prior to the handing over of the flats had been stolen. "We have registered FIRs for these thefts and are in the process of replacing the stolen taps," the official said, while claiming, "All lifts are operating and we are attending to complaints immediately."

According to DDA, 1,862 eligible families from Bhoomiheen Camp were allotted flats at Kalkaji Extension. The remaining 1,162 flats will be allotted to households from the JJ cluster in Govindpuri and Kalkaji after determining their eligibility under the DUSIB policy for resettlement of slum dwellers.

Demolitions of the vacated shacks at Bhoomiheen Camp are under way and 170 of the 262 structures have been brought down. The rest haven't been touched yet due to the stay ordered by Delhi High Court and the acceptance of some appeals by the appellate authority constituted by DDA.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

दैनिक जागरण
NAME OF NEWSPAPERS------ नई दिल्ली, 10 जून, 2023 ---------------DATED---------------------

यमुना और नजफगढ़ नाले में बीओडी के स्तर में कमी

एचएलसी की बैठक में यमुना को प्रदूषण मुक्त करने की कोशिशों से मिले सुधार के संकेत

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: एलजी वीके सक्सेना की अध्यक्षता में यमुना नदी के कायाकल्प के लिए एनजीटी द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) की पांचवीं बैठक शुक्रवार को राजनिवास में हुई। बैठक में यमुना के कायाकल्प को लेकर किए जा रहे कार्यों की प्रगति और हासिल लक्ष्यों पर कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा हुई। अधिकारियों ने एलजी को बताया कि नजफगढ़ नाले की सफाई का काम अगस्त 2022 में शुरू किया गया था। साथ ही जनवरी 2023 में एचएलसी गठन के बाद यमुना की सफाई का काम शुरू किया गया, जिसके बाद से नाले और यमुना के पानी की गुणवत्ता में लगातार सुधार हुआ है। मई 2022 से मई 2023 के बीच तो नाले व नदी के पानी में बीओडी के स्तर में अपेक्षित सुधार देखा गया है। साल 2022 में फरवरी, मार्च और अप्रैल की तुलना में 2023 की समान अवधि में भी बीओडी में लगातार कमी दर्ज की गई है। इस संबंध में दिए गए प्रजेंटेशन पर एलजी ने संतोष जताते हुए कहा कि विभिन्न हितधारक विभागों के सामूहिक प्रयासों के परिणाम अब आने शुरू हो गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को मुश्किलों और भविष्य के कार्यों के प्रति आगाह भी किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के प्रमुखों को तय समय में काम पूरा करने के लिए आपस में मिलने और विभिन्न विभागों के बीच तालमेल बनाए रखने की बात भी दोहराई।

बैठक में यह बात सामने आई कि बेहतर तालमेल की वजह से एसटीपी/डीएसटीपी के निर्माण समेत दूसरी महत्वपूर्ण परियोजनाएं, जो भूमि संबंधी मुद्दों के कारण वर्षों से लंबित थीं, को भी अंततः गति मिल सकी है। लंबित मुद्दे भी हल किए जा रहे हैं। भूमि की कमी के कारण वर्षों से अटकीं 29 परियोजनाओं में से 17 को एलजी के हस्तक्षेप के बाद एक महीने के दौरान डीडीए/राजस्व विभाग द्वारा भूमि आवंटित कर दी गई है। शेष का समाधान भी जल्द होने वाला है। तय लक्ष्यों के साथ एचएलसी आठ विशिष्ट कार्यक्षेत्रों के अंतर्गत यमुना के कायाकल्प की निगरानी कर रहा है, जिसके तहत संबंधित एजेंसियों द्वारा कार्य योजना बनाई और क्रियान्वित की जाती है। इनमें सीवेज का 100 प्रतिशत शोधन, सभी नालों की ट्रेपिंग, अनधिकृत कालोनियों व जेजे क्लस्टर में सीवरेज नेटवर्क का निर्माण, सीईटीपी के जरिये औद्योगिक प्रदूषण प्रबंधन, सेप्टेज प्रबंधन, यमुना बाढ़ क्षेत्र का जीर्णोद्धार और कायाकल्प, उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग व नजफगढ़ झील की पर्यावरण प्रबंधन योजना शामिल है।

>> यमुना नदी की सफाई को लेकर उच्च स्तरीय समिति की बैठक लेते एलजी वीके सक्सेना • सौ. राजनिवास

- मई 2022 की तुलना में इस वर्ष मई में यमुना में शाहदरा नाले पर बीओडी का स्तर 40 तो आइएसबीटी पर 31% कम हुआ
- उपराज्यपाल ने कहा- अब आने शुरू हो गए हैं विभिन्न हितधारक विभागों के सामूहिक प्रयासों के अपेक्षित परिणाम

नजफगढ़ नाले में बीओडी का स्तर

80% जनवरी 2022 | 53% जनवरी 2023
76% मई 2022 | 48% मई 2023

आइएसबीटी पर यमुना नदी में बीओडी का स्तर

42% जनवरी 2022 | 38% जनवरी 2023
55% मई 2022 | 38% मई 2023

शाहदरा नाले का यमुना नदी में मिलने के बाद बीओडी का स्तर

60% जनवरी 2022 | 56% जनवरी 2023
80% मई 2022 | 48% मई 2023

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS--DATED------------------------

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
SATURDAY, JUNE 10, 2023

EAM's Diplomacy Lessons At Summit With Students

Focus On Our Neighbours Now Restored, Says Jaishankar

Shradha.Chettri
@timesgroup.com

New Delhi: Answering a question by a student on what India could have done better in foreign policy in the last nine years, external affairs minister S Jaishankar said India could have remained more focused on working with its neighbours. He added, however, that such a focus was restored and now these countries think India is their biggest friend. He told the student that if he remembered anything besides this, he would tweet it.

Jaishankar was at Delhi University's Aryabhatta College on Friday as part of BJP's outreach programme ahead of the 2024 general elections. Delhi BJP president Virendra Sachdev and New Delhi MP Meenakshi Lekhi were part of the event.

When a student of Ram Lal Anand College asked the question on the foreign policy, Jaishankar said, "It is hard to pinpoint one single decision that could have been better. What happens sometimes is you want to do something but the focus is not where you want it to be." He said that people in the neighbouring countries had fixed ideas about India. "They said nice things about us, but said other things too. In between various problems arose. But we should have kept at it strongly."

Rajesh Mehta

Jaishankar was at Delhi University's Aryabhatta College on Friday as part of BJP's outreach programme ahead of the 2024 general elections

S JAISHANKAR SAYS

The problem is when you ask people from outside to interfere in what is happening here, saying it's a global concern. That I think is not good for the country

However, the minister added that now, whether it was Nepal, Bhutan, Sri Lanka or Bangladesh, all thought of India as a good friend because of the help rendered to them during Covid and economic crises.

Responding to a comment about opposition leaders talking about India and its problems abroad, Jaishankar said, "In any democracy, there will be arguments, differences, diversity and opinions. There should be too, it is important for democracy. But the problem lies when you take it out and ask people from outside to interfere on what is happening here, saying it's a global concern. That I think is not good for the country."

Talking about the nine years of the Modi government, he said, "We are close to the moment when we have to again win the trust of the people. So, we are here to remind you about the work that has taken place in the last nine years." He talked about India's G20 presidency and how the health infrastructure and the digital setup had been boosted even in the most remote parts of the country under Modi.

The minister said that what differentiated Modi from other political leaders and stalwarts outside politics was his faith in the country and its people. "I have been a diplomat for 40 years but I decided to join politics because I wanted to make a change. I got a chance to do so because we have a leader with a vision who is committed to the country," he said.

After meeting the students, Jaishankar visited the DDA headquarter at Vikas Sadan to meet members of the DDA Workers' Association. He lauded them for the work being done by DDA to ease life in the city. He said Delhi, like the rest of India, saw major changes in the last few years because of strong leadership at the Centre.

At Sarvodaya Enclave in south Delhi, he met renowned heart surgeon Dr Viveka Kumar. There he said, "A doctor does not connect only with the patient, but with the patient's entire family. I request all doctors to spread awareness about Ayushman Bharat Yojana for the poor and about Jan Aushadhi Kendras, which provide cheap medicines to everyone."

The minister later interacted with the members of the Art of Living at Janpath, appreciating their work during the pandemic. He ended the day with blessings at Vinayak Temple in Sarojini Nagar.

Vision 2041: Flats for slum dwellers, sustainable development in focus

Vibha.Sharma@timesgroup.com

New Delhi: At an interaction with external affairs minister S Jaishankar and his junior minister Meenakshi Lekhi, Delhi Development Authority vice-chairman Subhasish Panda gave updates on the agency's projects on in-situ slum rehabilitation, transit-oriented development, land pooling and the restoration of the Yamuna floodplain, among others.

At the ministers' interaction with DDA workers as part of the national outreach to mark nine years of the Modi government, Panda said, "While the work is in progress at the first TOD in Karkardooma, 12 other TOD nodes have been identified. Given that mixed-use development will help reduce travel time, walking distances and provide a safe environment, we are creating these structures near major multi-modal transit hubs, highways, etc."

There are 10 sites identified for in-situ rehabilitation covering 18 slums. "At present, work has been completed at one in-situ project in Kalkaji," the vice-chairman said. "The project at Jailorwala Bagh is likely to end in August and at Kathputli Colony, by December-end."

Of the 138 sectors identified for land pooling, in 20 sectors, 70% land pooling had been accomplished and consortium formation notice issued in two sectors while provisional notices had been issued in 12 sectors. Panda elaborated, "The land pooling policy is applicable in 105 villages and the total poolable land is 20,640 hectares. Of this, 7,435 hectares have been pooled."

Panda also said that DDA was taking steps to increase the sale of flats, of which it had an inventory of 40,000 units. "Besides amending regulations, such as permitting a person who already owns a DDA flat to apply for another, we are offering flats to people from the lower economic strata at highly subsidised rates, inviting government departments/organisations to buy flats and giving some relief to the general public," he said.

As for the rejuvenation of the Yamuna floodplain, Panda claimed that 90% of the work had been done in four of the 10 restoration sites with the rest to be finished by December. "We faced challenges such as portions of our developed land being taken over for the RRTS and NHAI projects. We will focus on at least rejuvenating the remaining land," said the vice-chairman.

DDA plans to develop about 200kmm of cycle-walk track over five phases. In the first phase, a 36km stretch for both on-grade and elevated tracks has been planned. "The track will go via parks and green areas and not roads, so this will require permissions. We have submitted a plan to the principal committee for approval," said Panda.

He also revealed that work on the Urban Extension Road II project was finished and was due for inauguration. "DDA is also working on a drain rejuvenation project in Dwarka in two places covering areas of 5.3km and 3.8km," said Panda.

WHAT'S IN STORE

SIX OBJECTIVES AND POLICY AREAS

1 Prioritising environment sustainability by encouraging landpooling, green development

2 Facilitating economic development

3 Enhancing heritage, culture and public life; giving incentives to those contributing in conservation

4 Improving housing and social infrastructure, including cycling tracks, housing schemes

5 Moving towards low carbon mobility

6 Developing resilient physical infrastructure and urban regeneration

ACHIEVEMENTS

> 10 sites identified for in situ slum development; DDA is working in coordination with MoHUA to form a policy

> 12 transit-oriented development nodes identified

> Of the 138 sectors identified for landpooling in 20 sectors, 70% under landpooling; consortium formation notice issued in two sectors and provisional notices issued in 12 sectors

